भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 300

गुरूवार, 08 दिसम्बर, 2022/17 अग्रहायण, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

दार्जिलिंग की पहाड़ियों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाया जाना

300. श्रीमती शांता क्षत्रीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा दार्जिलिंग की पहाड़ियों में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार का विचार दार्जिलिंग के चाय पर्यटन क्षेत्र को पर्यटन उद्योग का दर्जा देकर इसे विकसित करने का है;

(ग) क्या सरकार का पर्यटन के मद्देनजर यहाँ हवाई सेवा शुरू करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय दार्जीलिंग सहित देश के पर्यटन गंतव्यों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। घरेलू तथा महत्त्वपूर्ण वैश्विक बाजारों में "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार" (डीपीपीएच) और "बाजार विकास सहायता सहित विदेशी संवर्धन और प्रचार" (ओपीएमडी) योजनाओं के तहत संवर्द्धन किया जाता है। चाय पर्यटन सहित विरासत, आध्यात्मिक, निरोगता, इको, एडवेंचर आदि विभिन्न थीमों का संवर्धन भी मंत्रालय की वेबसाइट www.incredibleindia.org और सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से नियमित रूप से किया जाता है।

(ख): पर्यटन को "औद्योगिक दर्जा" देना राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों का विशेषाधिकार है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने सभी राज्यों / पर्यटन क्षेत्र को औद्योगिक दर्जा प्रदान करने के लिए पश्चिम बंगाल सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सुझाव दिया है।

(ग) और (घ): नागर विमानन मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) - उड़ान की शुरूआत की गई थी ताकि क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा सके। पर्यटन मंत्रालय ने प्रतिष्ठित स्थलों सहित महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चैंपियन सेवा क्षेत्र योजना (सीएसएसएस) के अंतर्गत व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ) के रूप में वित्तीय सहायता देने के लिए नागर विमानन मंत्रालय से भी संपर्क किया है। वर्तमान में पर्यटन मंत्रालय द्वारा 59 पर्यटन आरसीएस (टी-आरसीएस) रूट अनुमोदित हैं जिसमे से 51 रूट प्रचालनरत हैं। पर्यटन आरसीएस अनुमोदित रूटों की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

*****

अनुबंध

दार्जिलिंग की पहाड़ियों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाया जाना के संबंध में दिनांक 08.12.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 300 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में **विवरण**

आरसीएस-उड़ान पर्यटन रूटों की उनकी स्थिति सहित सूची

क्र. सं.	**रूट**	**स्थिति**
1.	आगरा से भोपाल	शुरू हो गया है
2.	भोपाल से आगरा	शुरू हो गया है
3.	बेंगलुरु से मैसूरु	शुरू हो गया है
4.	मैसूर से बेंगलुरु	शुरू हो गया है
5.	डिब्रूगढ़ से दीमापुर	शुरू हो गया है
6.	दीमापुर से डिब्रूगढ़	शुरू हो गया है
7.	दीमापुर से इंफाल	शुरू हो गया है
8.	इंफाल से दीमापुर	शुरू हो गया है
9.	अगरतला से आइजोल	शुरू हो गया है
10.	आइजोल से अगरतला	शुरू हो गया है
11.	अहमदाबाद से उदयपुर	शुरू हो गया है
12.	उदयपुर से अहमदाबाद	शुरू हो गया है
13.	अमृतसर से जयपुर	शुरू हो गया है
14.	जयपुर से अमृतसर	शुरू हो गया है
15.	अमृतसर से कोलकाता	शुरू हो गया है
16.	कोलकाता से अमृतसर	शुरू हो गया है
17.	अमृतसर से पटना	शुरू हो गया है
18.	पटना से अमृतसर	शुरू हो गया है
19.	भोपाल से उदयपुर	शुरू हो गया है
20.	उदयपुर से भोपाल	शुरू हो गया है
21.	भुवनेश्वर से वाराणसी	शुरू हो गया है
22.	वाराणसी से भुवनेश्वर	शुरू हो गया है
23.	दिल्ली से कालीकट (कोझिकोड)	शुरू हो गया है
24.	कालीकट (कोझिकोड) से दिल्ली	शुरू हो गया है

25.	दिल्ली से खजुराहो	शुरू हो गया है
26.	खजुराहो से दिल्ली	शुरू हो गया है
27.	डिब्रूगढ़ से इंफाल	शुरू हो गया है
28.	इंफाल से डिब्रूगढ़	शुरू हो गया है
29.	राजमुंदरी से विशाखापत्तनम	शुरू हो गया है
30.	विशाखापत्तनम से राजमुंदरी	शुरू हो गया है
31.	वाराणसी से पटना	शुरू हो गया है
32.	शिलांग से सिलचर	शुरू हो गया है
33.	सिलचर से शिलांग	शुरू हो गया है
34.	शिलांग से अगरतला	शुरू हो गया है
35.	अगरतला से शिलांग	शुरू हो गया है
36.	पासीघाट से गुवाहाटी	शुरू हो गया है
37.	गुवाहाटी से पासीघाट	शुरू हो गया है
38.	शिलांग से इंफाल	शुरू हो गया है
39.	इंफाल से शिलांग	शुरू हो गया है
40.	गुवाहाटी से शिलांग	शुरू हो गया है
41.	शिलांग से गुवाहाटी	शुरू हो गया है
42.	वाराणसी से गोरखपुर	शुरू हो गया है
43.	गोरखपुर से वाराणसी	शुरू हो गया है
44.	लखनऊ से प्रयागराज	शुरू हो गया है
45.	प्रयागराज से लखनऊ	शुरू हो गया है
46.	कोलकाता से देवघर	शुरू हो गया है
47.	देवघर से कोलकाता	शुरू हो गया है
48.	बेंगलुरु से विद्यानगर (हम्पी)	शुरू हो गया है
49.	विद्यानगर (हम्पी) से बेंगलुरु	शुरू हो गया है
50.	हैदराबाद से विद्यानगर (हम्पी)	शुरू हो गया है
51.	विद्यानगर (हम्पी) से हैदराबाद तक	शुरू हो गया है
52.	देवघर से रांची	अभी चालू होना बाकी है
53.	रांची से देवघर	अभी चालू होना बाकी है
54.	देवघर से पटना	अभी चालू होना बाकी है
55.	पटना से देवघर	अभी चालू होना बाकी है
56.	कारगिल से लेह	अभी चालू होना बाकी है

57.	लेह से कारगिल	अभी चालू होना बाकी है
58.	श्रीनगर से कारगिल	अभी चालू होना बाकी है
59.	कारगिल से श्रीनगर	अभी चालू होना बाकी है

*****